Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:07 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:30 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 40 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 28 जुलाई 2026
सावन की दस्तक से पहले...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सड़कों पर पुलिस की कमी, गलत दिशा में दौड़ रहे वाहन

नैनीताल। शहर में पुलिस बल की कमी का असर अब यातायात व्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। वन वे में विपरीत दिशा में दौड़ते वाहन हादसों को दावत दे रहे हैं। सोमवार को पुलिस की सड़कों पर मौजूदगी नहीं दिखाई देने पर अपर मॉलरोड और बीडी पांडे अस्पताल मोहनको मार्ग पर वाहन गलत दिशा में दौड़ते दिखाई दिए। अपर मॉलरोड पर कार बाइकें गलत दिशा में जाती नजर आईए जबकि बीडी पांडे अस्पताल.मोहनको मार्ग पर भी यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए वाहन दौड़ते रहे। इसके अलावा वन.वे मार्ग पर बाइक सवार भी विपरीत दिशा में चलते दिखाई दिए। शहर की दोनों कोतवालियों से पुलिसकर्मियों के कांवड़ ड्यूटी पर भेजे जाने के बाद पहले से ही पुलिस बल की कमी बनी हुई है। ऐसे में प्रमुख मार्गों और वन-वे सड़कों पर यातायात नियमों का पालन कराने में भी परेशानी सामने आ रही है। टीएसआई हरीश फर्त्याल ने बताया कि लगातार गश्त कर गलत दिशाओं में वाहन भगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### हाईकोर्ट ने दी गुरुकुल कांगडी विवि प्रशासन को 8 हफ्ते की मोहलत

नैनीताल । हाईकोर्ट ने गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को कार्य मुहैया होने के बाद भी विश्वविद्यालय के द्वारा नियमित नहीं किये जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने याचिका को निस्तारित करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ताओं के द्वारा 1 जून 2026 को दिए गए प्रत्यावेदन को सहानुभूति पूर्वक विधि अनुसार कोर्ट का आदेश प्राप्त होने के बाद से आठ सप्ताह के भीतर पुनर्विचार कर निस्तारित करें, साथ में कोर्ट ने यह भी कहा है कि उनकी सेवाएं इस आधार पर समाप्त न की जायँ कि उन्होंने नियमतिकरण के लिए कोर्ट की शरण ली है।

# लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित

नई दिल्ली
एजेंसी

संसद के मानसून सत्र में गत एक हफ्ते से जारी गतिरोध समाप्त हो गया है। लोकसभा में आज परीक्षा में सुधारों से जुड़े विधेयक पर चर्चा होगी। चर्चा के लिए छह घंटे का समय निर्धारित किया गया है। स्पीकर ओम बिरला ने जरूरत पड़ने पर इससे अधिक समय देने की बात कही है।

लोकसभा में आज दोपहर 2 बजे पेपर लीक से जुड़े संशोधन विधेयक पर चर्चा होगी। ढ्ढहृष्ठढ्ढ ब्लॉक के सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस की ओर से विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल और गौरव गोगोई बहस में हिस्सा लेंगे। पंजाब में पेपर लीक के मुद्दे को लेकर एनडीए सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सांसदों ने मामले को लेकर अपनी नाराजगी जताई और इस मुद्दे पर कार्रवाई की मांग उठाई। सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने विपक्ष के जोरदार हंगामे और नारेबाजी के बीच सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई थी। यह विधेयक पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ियों के खिलाफ कानूनी ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से लाया गया है। वहीं, विपक्ष 20 जुलाई के संसद चलो प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा है। संसद के मानसून सत्र में मंगलवार का दिन विधायी कार्यवाही के लिहाज से महत्वपूर्ण रहने वाला है। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी एमएसएमई विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश करेंगे, जिसका उद्देश्य एमएसएमई विकास अधिनियम, 2006 में संशोधन करना है। उच्च सदन में राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026 पर भी आगे की चर्चा होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस विधेयक को पारित कराने का प्रस्ताव सदन में रखेंगे। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी, अनुप्रिया पटेल, बीएल वर्मा, शांतनु ठाकुर और हर्ष मल्होत्रा विभिन्न दस्तावेज सदन के पटल पर रखेंगे। संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट और समिति की सिफारिशों के क्रियान्वयन पर मंत्रियों के बयान भी कार्यसूची का हिस्सा होंगे।




हिमाचल में बड़ा हादसा

# भरमौर-पठानकोट हाईवे पर खाई में गिरी कार, पांच लोगों की मौत

नई दिल्ली
एजेंसी

चंबा जिले के भरमौर-पठानकोट हाईवे पर लाहड़ के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। परिवार तीन माह की बच्ची का पीजीआई चंडीगढ़ से इलाज कराकर घर लौट रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे के समय क्षेत्र में बारिश और अत्यधिक धुंध थी। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में भरमौर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाहड़ के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। परिवार अपनी तीन माह की बच्ची का पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार कराने के बाद घर लौट रहा था, तभी सोमवार देर रात उनकी ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचे। रात का समय और दुर्गम इलाका होने के कारण राहत एवं बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण रहा। काफी मशक्कत के बाद सभी शवों को खाई से बाहर निकाला गया। एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज ने पुष्टि की कि हादसे में जान गंवाने वाले सभी पांच लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे के समय क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही थी और अत्यधिक धुंध छाई हुई थी। माना जा रहा है कि खराब दृश्यता और फिसलन के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही होगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने लोगों से मानसून के दौरान पहाड़ी मार्गों पर यात्रा करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की है।



# मंगल मिलन: एनडीए संसदीय दल की बैठक में कई शीर्ष नेता हुए शामिल

नई दिल्ली
एजेंसी

जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक मंगल मिलन हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री समेत नेता पहुंचे इसमें पहली बार एनसीपीआई को भी आमंत्रित किया गया था।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक मंगल मिलन मंगलवार को संसद पुस्तकालय भवन (पीएलबी) में शुरू हुई। यह बैठक लोकसभा में सार्वजनिक परीक्षाएं (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किए जाने के एक दिन बाद हुई। पहली बार तृणमूल कांग्रेस से अलग हुए और अब एनसीपीआई सांसद बन चुके नेता इस बैठक में चर्चा में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह के साथ अन्य एनडीए सांसद बैठक में शामिल होने के लिए जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम पहुंचे। पहले तृणमूल कांग्रेस के साथ रहे एनसीपीआई सांसद काकोली घोष, शताब्दी रॉय और सायोनी घोष भी इस बैठक में शामिल हुए। एनडीए नेताओं की यह बैठक ऐसे समय में बुलाई गई, जब केंद्र सरकार नकल विरोधी विधेयक को आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही है। वहीं, विपक्ष जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ कथित पुलिस की ज्यादती के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। यह विधेयक सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में पेश किया था।





# बजूनिया हल्दू में तेंदुए के हमले से बुजुर्ग घायल, ग्रामीणों में दहशत

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर से सटे बजूनिया हल्दू गांव में सोमवार शाम तेंदुए के हमले से दहशत फैल गई। घर के बाहर टहल रहे 62 वर्षीय बुजुर्ग पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। एक महिला द्वारा पत्थर फेंकने और पालतू कुत्ते के लगातार भौंकने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग निकला।

घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बजूनिया हल्दू निवासी गणेश सनवाल सोमवार देर शाम अपने घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने उन पर अचानक हमला बोल दिया। हमले में उनके हाथ, पैर और गर्दन पर गंभीर चोटें आईं। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और साहस दिखाते हुए एक महिला ने तेंदुए पर पत्थर बरसाए। इसी बीच कुत्ते के भौंकने और ग्रामीणों के शोर से तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप असगोला ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और वन कर्मियों को लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ग्रामीणों से जंगल की ओर अकेले न जाने तथा शाम और रात के समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है। ग्राम प्रधान दिनेश जोशी ने बताया कि जिस स्थान पर हमला हुआ, उसके सामने नाला और उससे सटा घना जंगल है, जहां लंबे समय से तेंदुए की आवाजाही बनी हुई है।

# राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आगामी 8 अगस्त को हल्द्वानी में

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच कांग्रेस ने कुमाऊं क्षेत्र में अपनी सियासी गतिविधियां काफी तेज कर दी हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आगामी 8 अगस्त को हल्द्वानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।



इस भव्य रैली के जरिए पार्टी कुमाऊं मंडल में अपने चुनावी अभियान का जोरदार शंखनाद करने जा रही है। स्वराज आश्रम में आयोजित प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक में कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा पर अंतिम मुहर लगाई गई। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में भीड़ जुटाने की रणनीति और संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

पार्टी नेतृत्व ने इस जनसभा में कुमाऊं और गढ़वाल से करीब 15 हजार से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय किया है। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट और जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने बताया कि रामलीला मैदान को 6 से 9 अगस्त तक के लिए आरक्षित कराया गया है। मैदान में मंच निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग के पुख्ता इंतजाम समय रहते पूरे किए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 7 अगस्त की शाम को ही हल्द्वानी पहुंच सकते हैं, जिसे लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

इस महत्वपूर्ण बैठक में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, चुनाव अभियान समिति अध्यक्ष प्रीतम सिंह, हरक सिंह रावत और विधायक सुमित हृदयेश सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि देहरादून में राहुल गांधी के सफल कार्यक्रम के बाद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व लगातार उत्तराखंड में सक्रिय है। वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह ने यह भी जानकारी दी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे की जनसभा के बाद सांसद प्रियंका गांधी का भी उत्तराखंड दौरा प्रस्तावित है।
कांग्रेस इस महारैली के माध्यम से प्रदेश की वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ माहौल बनाने और दोनों मंडलों के कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में जुटी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव से ठीक पहले हल्द्वानी में होने वाली यह विशाल जनसभा राज्य की राजनीति में बड़ा असर डालेगी।

# सावन के दूसरे सोमवार को मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल में सावन के दूसरे सोमवार को मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तजनों की काफी भीड़ नजर आयी। मां नयना देवी मंदिर में स्थापित शिवलिंग में जल चढ़ाने हेतु भकतों की लंबी कतार देखी गयी।

भकतों ने उपवास रखकर घरों के साथ ही मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना की। नगर के मां नयना देवी मंदिर के साथ ही हनुमानगढ़ी, गुफा महादेव, मां पाषाण देवी मंदिर, माल रोड स्थित शिव मंदिर, स्नोव्यू स्थित देव मंदिर समेत नगर के अन्य मंदिरों में भक्तों ने विशेष पूजा अर्चना की। सावन के दूसरे सोमवार के चलते भकतों में गजब का उत्साह देखा गया। सावन माह के चलते मंदिरों को भी विशेष बिजली की मालाओं से सजाया गया है जिसके चलते इन मंदिरों की शोभा दिन तो दिन रात्रि में भी दूर से ही देखते बनती है।



## सुंदरकांड के साथ शुरु होगी एक अगस्त से रामलीला की तालीम

नैनीताल
हमारे संवाददाता

आदर्श रामलीला एवं जन कल्याण समिति सूखाताल की बैठक सोमवार को तालीम कक्ष एशडेल स्कूल में हुई।

बैठक में आगामी पारंपरिक कुमाऊँनी रामलीला के आयोजन, तालीम एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती हेमलता पांडेय, श्रीमती लता मेहरा, श्री गिरिजा शंकर पंत, संस्कृत सचिव श्री नासिर अली, सांस्कृतिक सचिव श्री मुकेश धस्माना, कोषाध्यक्ष श्री अमिताभ साह, उप सचिव श्री करन साह व युवा प्रभारी श्री जयवर्धन चंद्र तथा श्री दया बिष्ट समेतश्रीमती हेमा साह, श्रीमती गीतांजलि भट्ट, श्रीमती विनीता भट्ट, श्री शिवेश कुमार, व अभिनव मेहरा एवं शास्त्री जी उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 अगस्त (शनिवार) से सुंदरकाण्ड पाठ के साथ तालीम का शुभारंभ होगा जिसके पश्चात प्रतिदिन सायंकाल पारंपरिक कुमाऊँनी रामलीला की नियमित तालीम आयोजित की जाएगी।

# सीबीएसई कक्षा 12 की पूरक परीक्षा आज

नैनीताल
हमारे संवाददाता



जिले में मंगलवार (आज) को आयोजित होने वाली कक्षा 12 की पूरक परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने आदेश जारी कर विभिन्न अधिकारियों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट/सेकटर मजिस्ट्रेट का दायित्व सौंपा।

जिलाधिकारी रयाल के मुताबिक कक्षा 12 पूरक परीक्षा-2026 सुबह 10.30 बजे से लेकर अपराह्न 1.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा की गोपनीय सामग्री प्रश्नपत्र/उत्तर पुस्तिकाओं के पार्सल एवं अन्य अभिलेखों के सुरक्षित परिवहन, संग्रहण, अभिरक्षा तथा सीबीएसई के अधिकृत अधिकारी को विधिवत हस्तांतरण हेतु जनपद के 9 परीक्षा केंद्रों के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट/सेकटर मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। बताया कि जनपद 9 परीक्षा केंद्रों में सेंट जेवियर्स स्कूल मल्लिताल (नैनीताल), लेकस इंटरनेशनल स्कूल भीमताल, सेंट थेरेसा स्कूल काठगोदाम, निर्मला कॉन्वेंट काठगोदाम, डीएवी सेंटेनरी पबलिक स्कूल हल्द्वानी, यूनिवर्सल कॉन्वेंट स्कूल केजीआरडी हल्द्वानी, यूनिवर्सल कॉन्वेंट स्कूल कालाढूंगी, ग्रेट मिशन पबलिक स्कूल हिममतपुर तथा पीएम श्री स्कूल जेएनवी सुयालबाड़ी में परीक्षा संपन्न होगी।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि नामित मजिस्ट्रेट परीक्षा दिवस पर संबंधित केंद्र अधीक्षक/ प्रधानाचार्य से समन्वय कर कस्टोडियन बैंक से गोपनीय सामग्री प्राप्त करेंगे। परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं के पार्सलों का सुरक्षित संग्रहण सुनिश्चित कर उसी दिन सीलबंद अवस्था में निर्धारित संग्रहण केंद्र पर जमा कराएंगे। बताया कि नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी सौरव असवाल नैनीताल का मोबाइल नंबर-9568022558 है।




## आशा फाउंडेशन ने किया नैनीताल में छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक

नैनीताल
हमारे संवाददाता

आशा फाउंडेशन ने सोमवार को नैनीताल के भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल में नैनीताल बैंक के सहयोग से बालिकाओं के स्वास्थ्य के साथ ही कैंसर जैसी महामारी के बचाव हेतु जनजागरुकता अभियान आयोजित किया।

इससे पूर्व प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें कालेज परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया। आशा शर्मा ने अपनी टीम की तरफ से प्रधानाचार्य श्री बिशन सिंह मेहता, डॉ. रेणु बिष्ट, डॉ नीलम और नेहा और सभी शिक्षिकाओं और नैनीताल बैंक के सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया तथा कहा कि भविष्य में उनकी मदद से और भी बालिकाओं को अच्छा जीवन देने में सहयोग मिलता रहेगा। कार्यक्रम में मुन्नी तिवारी, बच्ची सिंह नेगी, दीपा मेहरा, निखिल मनराल के साथ बैंक से रोहाना रुकिया अहमद, सोनिया, कविता रावत,नेहा, हर्षित पंत व सुमित साह मौजूद रहे।

## 70 खिलाड़ियों ने किया बैटरी टैस्ट में प्रतिभाग

नैनीताल
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री उदीयमान योजना के तहत शनिवार को नगर पालिका बालिका इंटर कालेज सूखाताल में खिलाड़ियों के लिए बैटरी टैस्ट का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वर्गों में 70 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

इसके तहत 8 से 9 आयु वर्ग में बालक व बालिका 1-1, 9-10 आयु वर्ग में बालक 4 व बालिका 4, 10-11 आयु वर्ग में बालक 6 व बालिका 5, 11-12 आयु वर्ग में बालक 5 व बालिका 10 जबकि 12 से 13 आयु वर्ग में बालक 9 व बालिका 13 जबकि 13 से 14 आयु वर्ग में बालक 10 व 7 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रकार कुल 70 बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका की अध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने किया, इस मौके पर भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता व नगर पालिका बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या नीतू रावत आदि मौजूद थे। जिला खेल समन्वयक अजय कुमार ने बताया कि चयनित प्रतिभागी अब 1 व 2 अगस्त को जिलास्तर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।



## नैनीताल में पालिका का कूड़ा वाहन लुड़कर पीछे आया

नैनीताल
हमारे संवाददाता

**अफरातफरी**

- कार से टकराकर रुका, फिटनेस खत्म होने के बावजूद सड़क पर दौड़ रहा था वाहन

प्रशासन, आरटीओ और नगर पालिका की लापरवाही के चलते नैनीताल में शनिवार को फि र एक बड़ा सड़क हादसा हो सकता था, पालिका का कूड़ा वाहन आवागढ़ की चढ़ाई पर ब्रेक फेल होने के बाद पीछे की ओर लुढ़क गया और सड़क किनारे खड़ी कार से टकराकर रुका। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई जबकि मौके पर मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को सड़क से हटवाया।

जानकारी के अनुसार सोमवार शाम उज्जल शेख नगर पालिका का कूड़ा वाहन संखया यूके 04 0सीबी 5201 आवागढ़ क्षेत्र में कूड़ा उठाने जा रहा था। चढ़ाई पर अचानक वाहन के ब्रेक नहीं लगे और वह पीछे की ओर ढलान पर आने लगा। इसी दौरान वाहन सड़क किनारे खड़ी वीरेंद्र सिंह की कार से जा टकराया।



टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन के पीछे की ओर लुढ ?ने से मौके पर मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि वाहन किसी राहगीर या अन्य वाहन से नहीं टकराया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

सबसे गंभीर बात यह है कि पालिका के इस वाहन की फिटनेस वर्ष 2021 में ही समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद वाहन सड़क पर दौड़ रहा था। यह स्थिति तब है जब बीते महीने 12 जून 2026 को जल संस्थान के एक ट्रक की चपेट में आकर दो महिला पर्यटक घायल हो गई थीं। घटना के बाद आरटीओ विभाग ने जिलेभर में बिना फिटनेस संचालित हो रहे 148 वाहनों के संबंध में संबंधित विभागों को नोटिस जारी किए थे। इसके बावजूद पालिका के वाहनों की फिटनेस अब तक नहीं कराई गई है। लोगों का कहना है कि प्रशासन व आरटीओ की लापरवाही के चलते सड़क पर किसी की भी जान जा सकती है। नगर पालिका ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया कि पालिका की टीम मौके पर भेजी गई थी। उनके अनुसार वाहन चढ़ाई पर था जहां अचानक वाहन का टायर फ ट गया था। जिसके चलते ब्रेक नहीं लगने से वाहन पीछे आ गया और कार से टकरा गया। उन्होंने बताया कि सभी वाहनों की फिटनेस कराई जा रही है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## NEWS / फटाफट

### नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल की कार्यकारिणी का विस्तार

**नैनीताल** । जिला कांग्रेस कमेटी नैनीताल की सहमति पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सचिन नेगी ने नगर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की घोषणा की है। जारी सूची के अनुसार पप्पू कर्नाटक, पीके शर्मा, भुवन बिष्ट व जीत सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष जबकि नासिर खान, मनोज ममगई, मनोज साह, जितेंद्र साह तथा सुनील मेहरा को उपाध्यक्ष वहीं सूरज पांडे, संजय कुमार, प्रमोद कुमार, ललित मोहन सती व पवन खड़ायत को महामंत्री के साथ ही सचिन कुमार, अविनाश सोकिया, जुनैद अहमद, नफीस अहमद, जयंत उप्रेती, पंकज कुमार, गौरव साह तथा मोहममद जुनेद, कौशल पांडे, सुमित साह व अजय सिंह को सचिव वहीं पार्थ साह, रोहित प्रताप एवं निखिल कुमार को संगठन सचिव जबकि सुखदीप सिंह आनंद को कोषाध्यक्ष तथा कनक साह को कार्यालय सचिवए नरेश दुर्गापाल को सोशल मीडिया प्रभारी एवं प्रेस मीडिया प्रभारी की जिममेदारी सोंपी गयी है।

### सड़क किनारे खड़ी कार के शीशे फोड़े

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में सड़क किनारे देर रात कार के शीशे तोडने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सड़क किनारे वाहन पार्क ना करने की अपील की है। जानकारी के अनुसारए रविवार देर रात टांकी बैंड क्षेत्र में देर रात अराजक तत्वों ने सड़क किनारे खड़ी एक कार के शीशे तोड़ दिए। घटना की सूचना दिल्ली निवासी पर्यटक नितिन ने 112 पर कॉल कर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक पर्यटक अपना वाहन लेकर वहां से जा चुके थे। पुलिस की पूछताछ में स्थानीय लोगों ने बताया कि पर्यटकों ने अपने वाहन सड़क किनारे पार्क किए थे। देर रात किसी अराजक तत्व ने कार के शीशे तोड़ दिए। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि पुलिस के पहुंचने तक पर्यटक मौके से जा चुके थे। हांलाकि पुलिस की ओर से लोगों से पूछताछ व सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखे जा रहे हैं।

### डीएफओ दो हफ्ते में करें जवाब पेश:हाईकोर्ट

**नैनीताल** । हाईकोर्ट में देहरादून के विकास नगर के ईस्ट होप टाऊन क्षेत्र की उमेदपुर में सरकारी भूमि के नाले पर बिल्डर्स के द्वारा अतिक्रमण कर उसे खुर्दबुर्द करने और उसे लोगों को बेचे जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने जिलाधिकारी देहरादून सहित प्रभारी वनाधिकारी से दो सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। आज मामले की सुनवाई मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई।

### धरा को हरा-भरा रखने हेतु रौपे पौधे

**नैनीताल** । भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल की राष्ट्रीय सेवा योजना व राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता के मार्गदर्शन में श्री देव सुमन की स्मृति में टांकी बैण्ड के आस पास के क्षेत्र में पौधरोपण किया गया। इसके तहत पांगर, बांज और उत्तीस के पौधे सम्मिलित किए गए। स्वयंसेवकों ने जनजागरुकता रैली निकाल कर जनसमुदाय को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया।कार्यक्रम को सफल बनाने मे पर्यावरणविद् यशपाल रावत का विशेष योगदान रहा । इसी क्रम मे विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रवीण सती, चंद्र प्रकाश, मीनाक्षी बिष्ट, महेश कुमार, गोविंद बोरा व रवि आदि ने सहयोग किया।



# अभिमत

## सुधारनी होगी आदत

*सामान्य वर्षा से ही शहरों में जलभराव से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ज्यादातर लोग प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हैं, कुछ हद तक विभिन्न विभागों की लापरवाही, निर्माण कार्य मानक के अनुसार नहीं होना हो सकता है। शहरों में गली-मोहल्ले और मुख्य सड़कों तथा बाजार के जलमग्न होने का कारण पानी निकासी में बाधा है। नाले-नालियों पर अतिक्रमण और नालों को पॉलीथिन तथा कचरे से भर देने के लिए शहर के लोग ही दोषी हैं। हमें अपनी आदत सुधारनी होगी।*

ग्रीष्म ऋतु के बाद मानसून की बारिश सुखद, हरियाली और वनस्पति को नवजीवन का प्रतीक होती है। बारिश नहीं होने पर सूखा और अतिवृष्टि से बाढ़ की समस्या हमेशा रही है। वर्तमान में सामान्य वर्षा से ही शहरों में जलभराव से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ज्यादातर लोग प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हैं, कुछ हद तक विभिन्न विभागों की लापरवाही, निर्माण कार्य मानक के अनुसार नहीं होना हो सकता है। शहरों में गली-मोहल्ले और मुख्य सड़कों तथा बाजार के जलमग्न होने का कारण पानी निकासी में बाधा है। नाले-नालियों पर अतिक्रमण और नालों को पॉलीथिन तथा कचरे से भर देने के लिए शहर के लोग ही दोषी हैं। हमें अपनी आदत सुधारनी होगी। नगर निकाय द्वारा हर मौसम में नाले-नालियों की सफाई नियमित रूप से कराई जाती है। मानसून से पहले विशेष अभियान के तहत सफाई पर ध्यान दिया जाता है। विडम्बना यह है कि शहरों का विस्तार जिस तेजी से हुआ है, उसी तरह नियोजित विकास नहीं किया गया। शहरों के निकट ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि का लैंड यूज बदलवाकर कालोनियां विकसित की गई हैं। कालोनियों को वर्षों बाद निकाय क्षेत्र में शामिल किया गया। इस मामले में भी प्रशासन की तुलना में क्षेत्रवासी अधिक जिम्मेदार हैं। प्रशासन की ओर से यदाकदा सब्जी, फल बेचने वाले ठेलों से पॉलीथिन की थैलियां जब्त कर चालान किया जाता है। सप्ताहभर बाद सरकारी मशीनरी की सक्रियता दम तोड़ देती है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के अदालती आदेश की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सामान लाकर पॉलीथिन की थैलियों को नालियों में हम खुद फेंकते हैं और ड्रेनेज सिस्टम को खत्म कर देते हैं। हमें बाजार जाते समय कपड़े का थैला साथ ले जाना चाहिए। यदि हमारे पास थैला होगा तो दुकानदार पॉलीथिन की थैली में सामान नहीं देगा। बिस्किट, चिप्स, डिटर्जेंट पाउडर, साबुन के सिंगल यूज प्लास्टिक के रैपर को नाली में डालना बंद करना होगा। किसी एक राज्य अथवा शहर की बात नहीं है, सभी शहरों के बाजारों में नालियों पर अतिक्रमण हो गया है। पांच-दस मिनट की बारिश के पानी से ही सड़कें तालाब बन जाती हैं। मोहल्लों की गलियों से बारिश का पानी नहीं निकलने पर घरों में भर जाता है। नालियों पर अतिक्रमण हटाने पर लोग सरकारी अमले का विरोध करते हैं। अतिक्रमण को स्वयं हटाने का आदर्शवादी तरीका समस्या का असली समाधान है।

# एएनटीएफ यूनिट और पुलिस की कार्रवाई, 38 लाख कीमती हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

### पूछताछ में तस्कर ने शाहजहांपुर से एक व्यक्ति से खरीद कर लाने की बताई, घूम रहा था बेचने की योजना में घूम रहा था

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस और एएनटीएफ यूनिट की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ा तस्कर की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार तस्कर से लाखों कीमती हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही।

बरामद हेरोइन 122.38 ग्राम की कीमत 38 लाख बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक कोतवाल प्रकाश दानू, एएनटीएफ यूनिट प्रभारी मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में टीम में शामिल बाजार पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप पंत, एएनटीएफ यूनिट के हेड कांस्टेबल भुवन पांडे,दीपक कुमार, कल्पना नेगी क्षेत्र में नशे की रोकथाम को चैकिंग कर रहे। टीम नगर निगम के समीप पहुंची तो रामपुर रोड से आ रहा एक बाईक को रोकने का प्रयास किया। बाईक सवार ने भागने का प्रयास किया। लेकिन वह फिसलन होने के कारण



गिर गया। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया।

उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 122.38 ग्राम स्मैक हेरोइन बरामद की गई। जिसकी कीमत 38 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम पता अब्दुल्ला खान पुत्र अब्दुल रहमान निवासी पीपल गांव भोट रामपुर उत्तर प्रदेश बताया। पूछताछ में उसने यह भी बताया कि यह हेरोइन उसने शाहजहांपुर निवासी लक्ष्मी नामक युवक से खरीदी थी और हल्द्वानी से बेचने जा रहा था।

पुलिस ने तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

### बिंदुखेड़ा-छतरपुर डाम कॉलोनी रोड की जर्जर सड़क, आगामी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

रुद्रपुर। बिंदुखेड़ा-छतरपुर डाम कॉलोनी रोड की लंबे समय से जर्जर सड़क निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों का आक्रोश खुलकर सामने आया। क्षेत्रवासियों ने बदहाल सड़क पर प्रतीकात्मक रूप से धान रोपकर राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और रोड नहीं तो वोट नहीं का ऐलान करते हुए आंदोलन को तेज कर दिया है। सड़क निर्माण की मांग कर रहे स्थानीय लोगो ने कहा कि कई वर्षों से सड़क की दुर्दशा के कारण क्षेत्र के हजारों लोगों को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन समस्या के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और कीचड़ होने के कारण स्कूली बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी मरीज को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलानी पड़ती है, लेकिन खराब सड़क के कारण कई बार एंबुलेंस भी रास्ते में फंस जाती है।

### दूध पीते समय सांस नली में फंसा दूध, तीन माह की मासूम की मौत

हल्द्वानी। बरेली रोड स्थित मोरारजी नगर क्षेत्र में तीन माह की एक मासूम बच्ची की दूध पीते समय सांस नली में दूध चले जाने से दर्दनाक मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए, लेकिन उपचार के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस के अनुसार, स्थानीय निवासी राकेश की तीन माह की बेटी दृष्टि को उसकी मां घर में दूध पिला रही थी। इसी दौरान बच्ची को अचानक उल्टी हुई और उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। घबराए परिजन उसे तुरंत एसटीएच लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया। करीब एक दिन तक चले इलाज के बावजूद बच्ची को बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों की प्राथमिक जांच में सामने आया कि दूध सांस नली में चले जाने से ऑक्सीजन का प्रवाह बाधित हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि चिकित्सकीय रिपोर्ट और परिजनों की सहमति के आधार पर शव को बिना पोस्टमार्टम के परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# गैंगरेप में फरार चल रहे तीनों आरोपी मुठभेड़ के बाद दबोचे पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त पैर में गोली से घायल

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र में देर रात जनपद पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

उसे अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर पहुंचे एसएसपी अजय गणपति ने उससे पूछताछ की। पहुंचे। पुलिस के मुताबिक सोमवार की देर रात पुलिस चौकी बगवाड़ा क्षेत्र में चैकिंग कर रही। इसी बीच बाईक पर आ रहे तीन संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयाश किया। पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर घेराबंदी की तो बाईक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की कार्रवाई में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी। पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। घायल अभियुक्त पुलिस ने गुरबाज उर्फ मानु को पुलिस अभिरक्षा



में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंचे एसएसपी ने घायल अभियुक्त से पूछताछ की।

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किए। उन्होंने बताया कि पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। तीनों गैंगरेप प्रकरण में वांछित चल रहे थे। पुलिस लगातार गिरफ्तारी को दबिश दे रही थी।

गिरफ्तार अभियुक्त: गुरबाज उर्फ मानु, निवासी ग्राम कलकत्ती, थाना गदरपुर,उपचार चल रहा। जोगा सिंह, निवासी ग्राम अज्जूवाला, थाना मिलक खानम, जनपद रामपुर यूपी। रविंदर, निवासी ग्राम अज्जूवाला, थाना मिलक खानम, जनपद रामपुर यूपी।

# फिल्मी दुनिया

## सावन की दस्तक से पहले मैं दीवानी महाकाल की गाना रिलीज





*बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है।*

*भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ वेलकम टू द जंगल के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म ईठा में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना %मैं दीवानी महाकाल% की आज सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्राक्ष की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं।*

### कुकिंग व्लॉग हैं अक्षरा

*बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे। बता दें कि फिल्मों के अलावा अक्षरा अब कुकिंग व्लॉग भी चलाती हैं। चटर-पटर नाम के इस व्लॉग में उनके माता-पिता भी नजर आते हैं।*

# पुलिस ने केरल से बरामद की कार, दोस्त पर धोखे से कार बेचने का आरोप

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी दोस्ती निभाते हुए पहले दोस्त को एक इनोवा कार फाइनेंस कराकर चलाने को दी,लेकिन धोखेबाज दोस्त ने उसी कार को केरल के रहने वाले एक व्यक्ति को बेच डाली। कोतवाली पुलिस ने बेची गई कार को केरल से बरामद की है। आरोपी की सरगर्मी से तलाश में पुलिस जुटी है।

पुलिस के मुताबिक माता फार्म नजीमाबाद किच्छा के निवासी जसवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि रुद्रपुर फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी केवल दुआ उसका दोस्त था और आर्थिक स्थिति से जूझ रहा था। एक साल पहले उसने बैंक से फाइनेंस कार इनोवा संख्या यूके 06 एएल 3222 को खरीदी और दोस्त को सिडकुल की एक कंपनी में चलाने को सौंप दी। दोस्त को सिडकुल की एक कंपनी में चलाने को कहा। साथ ही आश्वासन दिया कि वह गाड़ी से अपनी कमाई करे और किस्त निकालने के साथ साथ जीविका भी चलाता रहे।



आरोप है कि दोस्त ने फाइनेंस कार की महज दो ईएमआई भरी और कार को दिल्ली जाकर फर्जी दस्तावेज बनाए। उसी कार को केरल के रहने वाले मोहम्मद तंजीर नाम के व्यक्ति को बेच डाली। पुलिस ने 25 मार्च 2026 को तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश कर रही थी। विवेचना एसआई जीवन सिंह अधिकारी को सौंपी गई। पुलिस को सूचना मिली कि बेची गई कार केरल के कासरगोड थाना बेकल इलाके में देखी गई है। सूचना पर जांच अधिकारी पुलिस टीम के साथ केरल रवाना हुए और बेची गई कार को बरामद कर रुद्रपुर ले आई। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी की तलाश कर रही है।

## News कॉर्नर

### भाखड़ा नदी में तेज बहाव में फंसे दो लोग, ग्रामीणों की सूझबूझ से बची जान

**हल्द्वानी।** मंगलवार सुबह लगातार हो रही बारिश के बीच फतेहपुर क्षेत्र में बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भाखड़ा नदी पार करते समय दो लोग अचानक तेज बहाव की चपेट में आ गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत प्रयास शुरू किए और दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे उनकी जान बच गई। मंगलवार को हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही मूसलाधार बारिश जारी रही। मौसम विभाग ने जिले के लिए आज और कल ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लगातार बारिश के कारण भाखड़ा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिसके चलते नदी पार करना बेहद खतरनाक हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फतेहपुर क्षेत्र में भाखड़ा नदी पर पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को हर वर्ष बरसात के दौरान जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है। मंगलवार की घटना ने एक बार फिर इस गंभीर समस्या को उजागर कर दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से भाखड़ा नदी पर शीघ्र स्थायी पुल का निर्माण कराने की मांग की है।

### बाल कलाकारों ने की होशियारी पड़ गई भारी नाटक के मंचन की तैयारी

**नैनीताल ।** नैनीताल की नाट्य संस्था युगमंच के प्रतिबद्ध और गौरवशाली स्वर्णिम रंग यात्रा के 50 वर्ष होने के अवसर पर युगमंच द्वारा वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में युगमंच द्वारा शारदा संघ के सहयोग से बाल नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया, कार्यशाला निर्देशक मनोज कुमार के नेतृत्व में बाल कलाकारों द्वारा होशियारी पड़ गई भारी नाम से नाटक तैयार किया गया है नाटक की मूल कहानी पंचतंत्र से ली गई है,होशियारी पड़ गई भारी नाटक का मंचन 30 जुलाई (बीरवार) को सायं 6.45 बजे से सीआरएसटी इंटर कॉलेज नैनीताल के जगदीश शाह प्रेक्षागृह में किया जायेगा।

# इंटर स्कूल ताइक्कांडो चैंपियनशिप संपन्न, 250 खिलाड़ियों ने दिखायी प्रतिभा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नगर के मल्लीताल स्थित गोवर्धन हॉल में आयोजित दो दिवसीय इंटर-स्कूल ताइक्कांडो चैंपियनशिप का समापन हो गया। बता दें नैनीताल ताईक्कांडो कलब द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में जनपद नैनीताल समेत ऊधमसिंह नगर व बरेली से विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में नैनीताल, भवाली, भीमताल, रामनगर, बाजपुर, रुद्रपुर, काशीपुर, गदरपुर व बरेली और इंद्रा गाँधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम गौलापार हल्द्वानी के 250 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें विभिन्न 25 स्कूलों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। कड़े मुकाबलों के बाद अंकों और पदकों के आधार पर बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल ने 26 गोल्ड तथा 16 सिल्वर मेडल और वुडब्रिज स्कूल भवाली भीमताल के खिलाड़ियों ने 22 गोल्ड व 15 सिल्वर मेडल प्राप्त कर शीर्ष स्थानों पर अपना दबदबा बनाया। वहीं शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 गोल्ड तथा 100 सिल्वर मेडल प्राप्त कर आर्यमन विक्रम बिड़ला मंदिर इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग हल्द्वानी ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया जबकि सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल काठगोदाम की टीम चौथे स्थान पर रही प्रतियोगिता में बेस्ट डिसिप्लिन का अवार्ड वुडब्रिज स्कूल भवाली.भीमताल को दिया गया। मुखय अतिथि पूर्व सीएससी उत्तराखंड हाईकोर्ट चंद्रशेखर सिंह रावत व विशिष्ट अतिथि छावनी परिषद नैनीताल की सीईओ सुश्री तनु रही विजेता टीमों और खिलाड़ियों को अतिथि द्वारा ट्रॉफी व पदक देकर सममानित किया। कार्यक्रम में क्लब के संरक्षक व सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, कलब के अध्यक्ष विश्वकेतु वैद्य, सचिव विनोद कुमार वैद्य, महासचिव, डॉ मनोज सिंह बिष्ट समेत कई जनप्रतिनिधि व खिलाड़ी मौजूद रहे। संचालन दीपक कुमार व सुश्री गूंजा बिष्ट ने किया।

# सीआईएससीई जोनल फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु चयन ट्रायल आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नगर के ऑल सेंट्स कॉलेज सीआईएससीई जोनल फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल आयोजित किए गए।

ट्रायल मैच ऑल सेंट्स कॉलेज एवं सेंट मैरीज कॉन्वेंट कॉलेज रैमनी के बीच खेला गया जिसमें ऑल सेंट्स कॉलेज की छात्राओं ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए0 9-0 से शानदार जीत दर्ज की। मैच में नंदानी बिष्ट ने सर्वाधिक चार गोल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। लावण्या ने दो गोल जबकि अक्षरूप, समायरा और कर्मा ने एक.एक गोल दागकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।मैच के दौरान रेफ री बृजेश बिष्ट, अनिल रावत व पवन बिष्ट रहे। दूसरी ओर अब खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम टीम का चयन किया जाएगा जो आगामी सीआईएससीई जोनल फुटबॉल प्रतियोगिता में कुमाऊँ का प्रतिनिधित्व करेगी।ऑल सेंट्स कॉलेज प्रशासन ने विजेता टीम को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों की खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं इस दौरान मेजबान विद्यालय के खेल विभागाध्यक्ष गोपाल बिष्ट, भूपेंद्र रावत, दीक्षित बिष्ट, मयंक रावत व कामाक्षी बिष्ट समेत अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# भाजपा का लक्ष्य मातृशक्ति बने आत्मनिर्भर :रस्तोगी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला नैनीताल की विधानसभा लालकुआं में जिला अध्यक्ष कंचन उप्रेती के मार्गदर्शन में लखपति दीदी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री कार्यक्रम संयोजक राशि जैन द्वारा की गयी।

कार्यक्रम में लखपति दीदी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 300 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री महिला मोर्च रश्मि रस्तोगी रहीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मातृ शक्ति के विकास के लिए कई योजनाओं को संचालित कर रही है जिससे प्रदेश की मातृशकि आत्मनिर्भर हों और परिवार, समाज और प्रदेश के विकास मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा लाल कुआं विधायक मोहन बिष्ट ने सरकार की योजना के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहाँ कि राज्य की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार महिला समूहों को कई योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहन दे रही है। कार्यक्रम में अनेक स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री आभा गोस्वामी, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कौशियारी,जिला पंचायत सदस्य दीपा चंदोला हल्दुचौर मंडल अध्यक्ष रोहित दुमका, बिंदु खता मंडल अध्यक्ष नवीन पपोला, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष किरण खड़ायत, तारा पांडे, कंचन भट्ट, रीना भट्ट,आनंदी, बबीता चंदोला, चारों मंडल अध्यक्ष सहित प्रमुख कार्यकर्ता एवं बहनों की उपस्थिति रही।



# बीडी पांडे अस्पताल में अल्ट्रासाउंड तकनीशियन का पद रिक्त

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

बीडी पांडे जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड तकनीशियन का पद रिक्त होने से अस्पताल की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। अस्पताल प्रबंधन को दूसरे अस्पतालों से तकनीशियन बुलाकर अस्थायी व्यवस्था करनी पड़ रही है। इसके चलते कई मरीजों का अल्ट्रासाउंड जांच के लिए नंबर नहीं आ पा रहा है।

जानकारी के अनुसारए बीते वर्ष अस्पताल में तैनात अल्ट्रासाउंड तकनीशियन उच्च शिक्षा के लिए शैक्षिक अवकाश पर चले गए थे। इसके बाद चंपावत जिला अस्पताल से एक तकनीशियन को नैनीताल अटैच कर व्यवस्था बनाई गई थी। इधरए हाल में राज्य में हुए तबादलों के दौरान चंपावत जिला अस्पताल में तैनात तकनीशियन का भी तबादला हो गया। इसके बाद नैनीताल अटैच किए गए तकनीशियन को वापस चंपावत बुला लिया गया। इससे बीडी पांडे अस्पताल में अल्ट्रासाउंड तकनीशियन का पद रिक्त हो गया। तकनीशियन के अभाव में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए अन्य अस्पतालों से तकनीशियन बुलाने की व्यवस्था की है। अस्पताल की प्रभारी पीएमएस डॉ. द्रौपदी गर्ब्याल ने बताया कि सोमवार से बुधवार तक तीन दिन और बृहस्पतिवार से शनिवार तक तीन दिन बेस अस्पताल से तकनीशियन बुलाकर अस्थायी व्यवस्था बनाई गई है। साथ ही निदेशालय स्तर पर तकनीशियन की स्थायी नियुक्ति करने की मांग की गई है।

### बारिश के बाद बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों की भीड़

**नैनीताल।** मौसम में बदलाव और लगातार हो रही बारिश के बाद नैनीताल के बीडी पांडे जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सोमवार को अस्पताल की ओपीडी में 550 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। इनमें सर्दी जुकाम, बुखार व वायरल संक्रमण और अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संखया अधिक रही। अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि बारिश में भीगने और कोहरे के कारण लोगों में सर्दी,जुकाम, बुखार और वायरल संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। मौसम में अचानक बदलाव का सबसे अधिक असर बच्चों व बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों पर पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से बारिश में भीगने से बचने और भीगने पर तुरंत सूखे कपड़े पहनने की सलाह दी साथ ही गर्म पेय पदार्थों का सेवन और संतुलित आहार लेने को कहा। डॉ. दुग्ताल ने कहा कि बुखारए खांसी या अन्य लक्षण लगातार बने रहने पर स्वयं दवा लेने के बजाय चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए।

### नैनीताल में दिन में कई बार हुई बारिश

**नैनीताल ।** नैनीताल में सोमवार को दिन में रुक-रुक कर कई बार बारिश हुई.बारिश की वजह से जनजीवन प्रभावित रहा। दिन भर में 11 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

तेज वर्षा के दौरान नैनी झील में नौकायन ठप रहा जबकि कुछ देर को नाले भी उफनाए। कुछ देर को सड़कों में जलभराव भी हुआ। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बारिश 11 मिमी रिकार्ड की गई। नगर का अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा।

# बीडी पांडे अस्पताल में दो गायनोकॉलोजिस्ट अवकाश पर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**अव्यवस्था**

- एक चिकित्सक के पास पीएमएस और निदेशक का प्रभार

बीडी पांडे जिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। अस्पताल में स्वीकृत तीन गायनोकॉलोजिस्ट पदों के सापेक्ष दो चिकित्सकों के अवकाश पर होने और तीसरी चिकित्सक के पास पीएमएस व स्वास्थ्य निदेशक का अतिरिक्त प्रभार होने से स्त्री एवं प्रसूति सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इसका खामियाजा गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। बता दें जिला अस्पताल में गायनोकॉलोजिस्ट के तीन पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में डॉ. रुचि गुप्ता पिछले नौ माह से अवकाश पर हैं जबकि डॉ. प्रेमा फर्तियाल भी अवकाश पर चल रही हैं। अस्पताल में तैनात तीसरी गायनोकॉलोजिस्ट डॉ. द्रौपदी गर्बियाल के पास प्रभारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक और स्वास्थ्य निदेशक का अतिरिक्त प्रभार है। ऐसे में अस्पताल में सामान्य प्रसव तो कराए जा रहे हैंए लेकिन सिजेरियन और जटिल प्रसव की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण कई गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और जरूरत पड़ने पर उन्हें उच्च केंद्रों के लिए रेफर किया जा रहा है। प्रभारी पीएमएस डॉ. द्रौपदी गर्ब्याल ने बताया कि दो गायनोकॉलोजिस्ट अवकाश पर हैं और उनके पास पीएमएस व स्वास्थ्य निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी है। इससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार से एक चिकित्सक के ड्यूटी पर लौटने के बाद व्यवस्थाएं सामान्य हो जाएंगी।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा दल के यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से संचालित पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के तीसरे दल की वापसी पर शनिवार को पर्यटक आवास गृह डीडीहाट में निगम के पूर्व प्रबंधक/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने यात्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें हिमालय बचाओ अभियान के तहत पौधारोपण अभियान के 742 वें दिन जोड़ते हुए उन्हें शपथ दिलाकर पर्यटक आवास गृह चौकोड़ी व होलीडे होम अल्मोड़ा में पौधारोपण हेतु पौधे दिए। दल के जनसंपर्क अधिकारी सुनील गोयल ने दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए यह भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। यात्रा दल में शामिल पिथौरागढ़ निवासी सेवानिवृत स्टेट बैंक प्रबंधक हरीश चंद्र पुनेठा व आशा पुनेठा ने कहा कि वह भी यात्रा की सफलता पर पर्यटक आवास गृह चौकोड़ी में पौधारोपण करेंगे। दिनेश गुरुरानी ने कैलाश यात्रा में गए कुमाऊँ मंडल विकास निगम के कर्मचारी सुंदर गिरी, गौरव कुमार व प्रहलाद सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया। दल में यात्रा दल के कोऑर्डिनेटर धर्मानंद जोशी आवास गृह डीडीहाट के प्रबंधक मनोज कुमार,बलवंत सिंह बबलू ,हर सिंह, ललित कुमार व गर्जेंद्र सिंह उपस्थित रहे। यात्रा दल के जनसंपर्क अधिकारी सुनील गोयल ने कर्मचारियों को कैलाश यात्रा से लाये कैलाश जल को भी वितरित किया।